# 19 August 2020 Current Affairs in Hindi

Jacr.in

# Index


- पंडित जसराज का निधन
- एमएसएमई मंत्री श्री नितिन गडकरी ने http://vedkrishi.com/ पोर्टल शुरू किया।
- राकेश अस्थाना बीएसएफ के नए DG नियुक्त हुए।
- भारत की पहली पूर्ण बालिका आवासीय फुटबॉल अकादमी है
- भारत पहली पेपरलेस राजनीतिक पार्टी बनेगी बीजेपी
- भारत में पहला, “रमन” नाम के राकेट के सफल परिक्षण
- मध्य प्रदेश, ग्वालियर-चंबल एक्सप्रेस वे का नाम अटल बिहारी वाजपेयी पर
- प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं एक्टर Nishikant Kamat का निधन।
- भारत का पहला बुलियन इंडेक्स “Bulldex” 24 अगस्त को होगा लांच।
- छत्तीसगढ़ में ‘पढ़ई तुंहर पारा’ योजना शुरू

# Question & Answer

Q. पंडित जसराज जी का निधन हो गया? वे कौन थे?

A. Politician
B. Cricketer
C. Businessman
D. Singer

सही उत्तर है (**D**) Singer

**Short detail:**

ये (Pandit Jasraj) एक भारतीय शास्त्रीय गायक थे, जो मेवाती घराना (संगीत शिक्षु वंश) से सम्बन्ध रखते थे। लगभग 10 वर्ष की आयु से यह संगीत से जुड़े और लगभग 80 वर्षों तक संगीत से जुड़े रहे।

## पुरस्कार और सम्मान

पंडित जसराज को बहुत सारे पुरुस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए जिनमे से विशेष रूप से पद्म श्री (1975), पद्मा भूषण (1990), पद्मा विभूषण (2000), भारत रत्न भीमसेन जोशी शास्त्रीय संगीत जीवन उपलब्धि पुरस्कार (2013) आदि पुरुस्कार इन्हे प्राप्त है।

## याद रखने योग्य महत्वपूर्ण नोट्स, अन्य लेटेस्ट करंट अफेयर्स, या किस तरह के प्रश्न बन सकते है?

- पद्म श्री – यह पुरुस्कार भारत गणराज्य में चौथा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार है।
- पद्मा भूषण – पद्म भूषण भारत गणराज्य में तीसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार है, जो भारत रत्न और पद्म विभूषण से पहले है और इसके बाद पद्म श्री।
- पद्मा विभूषण – पद्म विभूषण भारतीय गणराज्य का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार है, जो भारत रत्न के बाद दूसरा है।

Q. vedkrishi.com पोर्टल किसने शुरू किया?

A. Nitin Gadkari
B. Rajnath Singh
C. Narendra Modi
D. Amit shah

सही उत्तर है (**A**) Nitin Gadkari

**<u>Short detail:</u>**

यह पोर्टल किसानों एवं आम जनता के लिए है जहाँ वे अपना सामान जैसे सब्ज़ी, फल, अनाज, अचार आदि बेच सकते है।

**किसने शुरू किया?**

यह पलटफोर्म लांच श्री नितिन गडकरी ने किया है एवं इसे नागपुर की वेदकृषि फार्मर प्रॉड्यूसर कंपनी ने बनाया है।

Q. बीएसएफ के ने DG (Director General) कौन बने?

A. Rajnath Singh
B. Rakesh Asthana
C. विक्रम कुमार दोराईस्वामी (Vikram Kumar Doraiswami)
D. Soma Mondal

सही उत्तर है (**B**) Rakesh Asthana

**Short detail:**

राकेश अस्थाना बीएसएफ के नए DG नियुक्त हुए।

बॉर्डर सिक्योरिटी फॉर्स के ने DG राकेश अस्थाना (Rakesh Asthana) को बनाया गया है। राकेश अस्थाना सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर रह चुके है।

राकेश अस्थाना का नाम पहले भी न्यूज़ पेपर एवं न्यूज़ टीवी चैनल पर गोधरा ट्रेन कांड की जांच, लालू यादव चारा घोटाले की जाँच से सम्बंधित आ चूका है।

इसके साथ ही उनके पास नारकोटिक्स कंट्रोल बुरौ का एडिशनल चार्ज भी रहेगा। वह वर्तमान में महानिदेशक, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) के महानिदेशक, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) के अतिरिक्त प्रभार के साथ काम कर रहे थे।

Q. भारत की पहली पूर्ण --------- आवासीय फुटबॉल अकादमी है?

A. Girls
B. Boys
C. Both A & B
D. None of the above.

सही उत्तर है (**A**) Girls

**Short detail:**

आरएफसी गर्ल्स फुटबॉल अकादमी द्वारा भारत की पहली पूर्ण विकसित बालिका आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण सुविधा RFC द्वारा 17 अगस्त 2020 को बेंगलुरु में शुरू की गई थी।

यह अकादमी पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी बनने के अपने सपने को हासिल करने के लिए युवा, प्रतिभाशाली और उत्साही महिला फुटबॉलरों के लिए वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी और उन्हें खेल में अपना करियर बनाने में मदद करेगी।

यह अकादमी सिर्फ लड़कियों के लिए है जिनकी उम्र 13 से 22 वर्ष है। अकादमी में पेशेवर फुटबॉल प्रशिक्षण का अनुभव संरक्षक, पोषण विशेषज्ञ और परामर्शदाताओं की एक टीम द्वारा किया जाता है

Q. भारत की कौनसी पहली पेपरलेस राजनीतिक पार्टी बनेगी?

A. BJP
B. AAP
C. Congress
D. All India Trinamool Congress

सही उत्तर है (**A**) BJP

**<u>Short detail:</u>**

इसकी शुरुआत हिमाचल प्रदेश से होगी। पार्टी कार्यालय से लेकर जिला स्तर तक जितनी भी गतिविधियाँ होंगी उन्ही कागज विहीन करने का निर्णय लिया गया है।

पार्टी नेता और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि पहल को लागू करने वाली देश की हिमाचल प्रदेश इकाई पहली बार बन रही है। इस तरह से भारतीय जनता पार्टी देश के पहली पेपरलेस राजनैतिक पार्टी (paperless political party) बन जाएगी।

रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पहली विस्तारा योजना 1 सितंबर से 15 सितंबर तक चलेगी। इस कार्यक्रम से पार्टी द्वारा पेपरलेस पहल शुरू होगी।

Q. मध्य प्रदेश में ग्वालियर-चंबल एक्सप्रेस वे का नाम ------ पर रखा गया?

A. Indira Gandhi
B. Atal Bihari Bajpai
C. Sushma Swaraj
D. Arun Jaitley

सही उत्तर है (**B**) Atal Bihari Bajpai

**Short detail:**

ग्वालियर-चंबल एक्सप्रेसवे का नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी चंबल प्रोग्रेसवे होगा। यह फैसला मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अटल बिहारी बाजपेई पुण्यतिथि पर की।

यह एक्सप्रेस वे चम्बल नदी किनारे राजस्थान के कोटा शहर एवं उत्तर प्रदेश के इटावा को जोड़ेगा। इस एक्सप्रेस वे की लम्बाई 404 किलोमीटर रहेगी।

Q. हाल ही में Nishikant Kamat का निधन हो गया? वे कौन थे?

A. A politician
B. Singer
C. Dancer
D. Film director/actor

सही उत्तर है (**D**) Film director/actor

**Short detail:**

फॉर्स, भावेश जोशी जैसी फिल्मों में निर्देशन एवं एक्टिंग करने वाले निशिकांत कामत का सोमवार को निधन हो गया। वे लिवर की परेशानी से जूझ रहे थे।

वर्ष 2006 में डोंबिवली फास्ट (Dombivali Fast) के लिए मराठी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता था।

Q. भारत का पहला बुलियन इंडेक्स “Bulldex” 24 अगस्त को होगा लांच। कौन लांच कर रहा है?

A. MCX
B. BSE
C. NSE
D. CSE (Calcutta Stock Exchange)

सही उत्तर है (**D**) Film director/actor

**Short detail:**

बुलियन इंडेक्स, बुलडेक्स (Bulldex), एमसीएक्स द्वारा लॉन्च किया जा रहा है, 1 किलो सोने, 100 ग्राम गोल्डमनी, 8 ग्राम सोने की गिनी और 1 ग्राम सोने की पेटा के साथ बुलियन कॉम्प्लेक्स में छठा उत्पाद है, जबकि विकल्प 1 किलो सोने पर वायदा पहले से ही है।

बुलियन इंडेक्स को लांच करने वाला MCX है। MCX का full form Multi Commodity Exchange है।

एमसीएक्स ने जुलाई में मॉक ट्रेडिंग अभ्यासों में बुलियन इंडेक्स फ्यूचर्स ट्रेड का परीक्षण किया था।

Q. किस राज्य में "पढ़ई तुंहर पारा' योजना शुरू हुई है?

A. Madhya Pradesh
B. Punjab
C. Haryana
D. Chhatisgarh

सही उत्तर है (**D**) Chhatisgarh

**Short detail:**

74वे स्वतंत्रता दिवस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने "पढ़ई तुंहर पारा (Padhai Tunhar Para)" नामक योजना का शुभारभ कर दिया।

इस योजना का उद्देश्य राज्य के हर बच्चे तक शिक्षा पहुँचाना है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है। कोरोना महामारी की वजह से लॉकडाउन लगाया गया जिसकी वजह से बच्चों की शिक्षा पर काफी असर पड़ा है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री Bhupesh Baghel ने "पढ़ई तुंहर दुआर"नाम की योजना शुरू की थी। इसी योजना के अंतर्गत यह "पढ़ई तुंहर पारा" नाम की योजना शुरू की है मुख्य रूप से गावों के बच्चों के लिए जहाँ इंटरनेट का आभाव है।

Q. भारत में पहला ----- नाम के राकेट का सफल परिक्षण हुआ?

A. Sarthak
B. Raman
C. Shourya
D. Siddharth

सही उत्तर है (**B**) Raman

**Short detail:**

भारत में पहला, हैदराबाद स्थित स्काईरोट एयरोस्पेस ने rocket रमन 'नाम के अपने ऊपरी चरण के रॉकेट इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जो कई उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर सकता है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के पूर्व वैज्ञानिकों द्वारा स्थापित, Skyroot भारत के पहले निजी रूप से निर्मित अंतरिक्ष प्रक्षेपण वाहनों के निर्माण में है।